सेन्ट मेरीज़ स्कूल, आश्रम रोड, मैनपुरी

(निःशुल्क प्रकाशनार्थ)

''गुरू साक्षात् परम् ब्रम्हः तस्मै श्री गुरूवे नमः''

गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सैण्ट मेरीज़ स्कूल के आश्रम रोड विद्यालय में लघु कार्मक्रम आयोजित किया गया। प्रार्थना सभा में कक्षा नौ के छात्र अभिरुद्रमनी तथा कक्षा सात की छात्रा देवांशिका ने बताया, कि हमारे देश में अनंतकाल से गुरू को सर्वोपरि स्थान प्रदान किया गया है, क्योंकि गुरू ज्ञान की मशाल जला कर सम्पूर्ण संसार को आलोकित करता है अतः आज हम सभी छात्र कृतज्ञतापूर्वक अपने गुरूओं को नमन करते हैं।

रानी लक्ष्मीबाई सदन की इंचार्ज श्रीमती भावना बैजल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया– गुरू ने ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखाया है तथा श्रेष्ठ गुरू वेदव्यास के द्वारा रचित महाग्रन्थ युगों तक अपनी कीर्ति पताका फहराता रहेगा। प्रधानाचार्या श्रीमती मनोरमा जी ने छात्रों को स्वागत करते हुए कहा, कि गुरू की महिमा अपरंपार है तथा छात्र के जीवन को सवारने एवं अनुशासित करने में गुरू महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक अबोध बालक की प्रथम गुरू उसकी माँ होती है। विद्यालय में गुरू मात्र ज्ञान प्रदान करने का स्रोत नहीं है अपितु गुरू हमारे अन्तःकरण को भी परिमार्जित करता है। अन्त में विद्यालय के प्रबंधक श्री दीपक जी० दास ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

फोटो– अटेच्ड

– मीडिया प्रभारी
(अनस खाँन)